nt>

Title: Need to provide financial assistance to the Government of Himachal Pradesh for operating helicopter services in the border areas of the State.-Laid.

श्रीमती प्रतिमा सिंह (मंडी) : अध्यक्ष महोदय, हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती जिले लाहौल-सपीति तथा किन्नौर के भीतरी भाग सर्दियों के मौसम में भारी बर्फबारी के कारण देश के शो भागों से लगभग छः महीने कटे रहते हैं। छः महीने तक शो भागों से कटे रहने के कारण उन क्षेत्रों में आने वाले बर्फानी तूफान, भीाण अग्निकांड, सड़क दुर्घटनायें, चट्टाने खिसकने से घायल तथा बीमार हुए नागरिकों को वहां से निकालने एवं राहत हेतु वहां हेलीकाप्टर सेवाएं चलानी पड़ती हैं। प्रदेश सरकार ि वगत 7 सालों से हर साल लगभग 7 करोड़ रूपये व्यय करके वहां हेलीकॉप्टर सेवायें चला रही है। प्रदेश छोट एवं सीमित ससांधनों वाला है।

हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक एवं स्थानीय स्थितियां पूर्वोत्तर राज्यों की तरह ही हैं। पूर्वोत्तर राज्यों को यह सुविधा केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है, किंतु हिमाचल प्रदेश में आधारभूत सुविधायें भी दूरदराज के क्षेत्रों में नगण्य है। अतः मेरा आग्रह है कि प्रदेश सरकार को इन सेवाओं को चलाने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाये।